# PAPER-III
# MANAGEMENT

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**D 1 7 1 2**

Time : **2 $^1/_2$** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

## MANAGEMENT
## PAPER – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Which of the following is not one of the important objectives of Financial Management ?
(A) Profit maximisation
(B) Wealth maximisation
(C) Value maximisation
(D) Social responsibility

**2.** For 'make or buy decision', which cost is to be considered ?
(A) Marginal cost
(B) Total cost
(C) Fixed cost
(D) None of the above

**3.** Which is the method applied for measuring GNP ?
(A) Income method
(B) Expenditure method
(C) Value Added method
(D) All of the above

**4.** Which of the following project appraisal method is not based on time value of money ?
(A) Payback method
(B) Net present value method
(C) Internal rate of return method
(D) Discounted payback method

**5.** Micro, Small and Medium Enterprises Development Act, 2006 is related to
(A) Industrial Policy
(B) Investment Limit
(C) Business Opportunities
(D) None of these

**6.** Selection is the process in which candidates for employment are divided into two classes – those who are to be offered employment and those who are not." This is stated by
(A) Dale Yoder
(B) Milton M. Mandell
(C) R.D. Agarwal
(D) Edwin Flippo

**7.** Who defines advertising as "any paid form of non-personal presentation and promotion of ideas, goods and services by an identified sponsor ?
(A) Philip Kotler
(B) C.K. Prahlad
(C) Chartered Institute of Marketing
(D) American Marketing Association

**8.** The exchange rate between the currencies of two countries will be equal to the ratio of the price indices in these countries is explained by
(A) Inflation adjustment
(B) Purchase power parity
(C) Interest rate parity
(D) Transaction exposure

**9.** The ultimate mission or purpose is to relate human resources to future enterprise needs, so as to maximize the future return on investment in human resources. It is referred as
(A) Demand and Supply
(B) Forecasting
(C) Human Resource Planning
(D) Human Resource Development

**10.** Other things being equal an increase in income leads to a decrease in demand for
(A) Superior Goods
(B) Inferior Goods
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

# प्रबंधन

## प्रश्नपत्र – III

**सूचना :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर** (75) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा वित्तीय प्रबंधन का आवश्यक उद्देश्य नहीं है ?
(A) लाभ को अधिकतम बनाना
(B) सम्पदा को अधिकतम बनाना
(C) मूल्य को अधिकतम बनाना
(D) सामाजिक उत्तरदायित्व

**2.** उत्पादन करो अथवा खर्च करो का निर्णय करने के लिए इनमें से कौन सी लागत को ध्यान में रखा जाता है ?
(A) सीमांत लागत
(B) कुल लागत
(C) स्थिर लागत
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**3.** जी.एन.पी. (GNP) को मापने के लिए कौन सी विधि अपनायी जाती है ?
(A) आय विधि
(B) खर्च विधि
(C) मूल्य-वर्धित विधि
(D) उपरोक्त सभी

**4.** निम्नलिखित परियोजना मूल्यांकन विधि में से कौन सी मुद्रा के समय मूल्य पर आधारित नहीं है ?
(A) वापिस अदायगी विधि (पे बैक मैथड)
(B) शुद्ध वर्तमान मूल्य विधि
(C) अन्तर-प्रतिफल दर विधि
(D) डिस्काउंटिड पे बैक मैथड

**5.** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 का सम्बन्ध है
(A) औद्योगिक नीति से
(B) निवेश सीमा से
(C) व्यवसाय अवसरों से
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**6.** "चयन वह प्रक्रिया है, जिससे रोजगार के प्रार्थियों को दो भागों में विभाजित कर दिया जाता है – वे जिन्हें रोजगार दिया जाना है तथा वे जिन्हें रोजगार नहीं दिया जाना है।" यह कथन किसका है ?
(A) डेल योडर
(B) मिलटन एम. मण्डेल
(C) आर.डी. अग्रवाल
(D) एड्विन फ्लिप्पो

**7.** विज्ञापन की यह परिभाषा किसने दी है कि "कोई विशिष्ट प्रायोजक द्वारा किसी विचार, वस्तु एवं सेवा की संवृद्धि के लिए धन की अदायगी से की गई गैर-वैयक्तिक प्रस्तुति है ?
(A) फिलिप कोटलर
(B) सी.के. प्रहलाद
(C) चार्टर्ड इंस्टिट्यूट ऑफ मार्केटिंग
(D) अमेरिकन मार्केटिंग एसोसिएशन

**8.** दो देशों के बीच उनकी मुद्राओं की विनियमन दर उन देशों में मूल्य अनुक्रमणिकाओं के अनुपात के बराबर होगी जिसका स्पष्टीकरण निम्न में से किसके द्वारा होता है ?
(A) स्फीति समायोजन
(B) क्रम शक्ति की समता
(C) ब्याज दर की समता
(D) सौदा अनावरण

**9.** अन्तिम मिशन अथवा मन्तव्य यह है कि मानव स्रोतों को भावी उद्यम की आवश्यक्ताओं से सम्बंधित करना है ताकि मानव स्रोतों के लिए किये गए निवेश से अधिकतम भावी प्रतिफल प्राप्त किया जा सके । इसे कहा जाता है
(A) माँग ओर आपूर्ति
(B) पूर्वानुमान
(C) मानव संसाधन योजना
(D) मानव संसाधन विकास

**10.** अन्य सभी वस्तुओं के समान बने रहने पर, आय में वृद्धि से किन वस्तुओं की माँग में कमी आती है ?
(A) श्रेष्ठ वस्तुओं की
(B) घटिया वस्तुओं की
(C) (A) और (B) दोनों की
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**11.** "Hind Mazdoor Sabha" established in which year ?
(A) 1940
(B) 1942
(C) 1948
(D) 1952

**12.** The evaluation of Business activities and behaviour as right or wrong is called
(A) Corporate Governance
(B) Business Ethics
(C) Social Responsibility
(D) None of the above

**13.** A market structure which consists of one buyer and one seller is referred as
(A) Monopsony
(B) Bilateral monopoly
(C) Monopoly
(D) Duopoly

**14.** At which stage of new product development process, the launching of New Product will take place ?
(A) Business Analysis
(B) Commercialization
(C) Test Marketing
(D) Marketing Strategy Development

**15.** The cost of equity can be measured as
(A) Rate of interest (1 – t).
(B) Rate of dividend (1– t).
(C) $\text{Rate of dividend} \times \frac{(\text{Face value} - \text{Issue Price})}{n}$
(D) $\frac{D_1}{P_0} + g$

**16.** If the regression coefficient B in Y = A + B X is equal to zero, then the regression line will
(A) pass through the origin
(B) be parallel to the x-axis
(C) be parallel to the y-axis
(D) Neither intersect x-axis nor y-axis

**17.** An entrepreneurial person employed by a corporation and encouraged to be innovative and creative is referred to as
(A) Competitor (B) Supplier
(C) Entrepreneur (D) Intrapreneur

**18.** Which of the following provides direction, serves as standards for evaluating performance and motivates members of the organization ?
(A) Mission (B) Values
(C) Objectives (D) Goals

**19.** The four systems of Management in terms of Leadership styles are related to
(A) Blake and Mouton
(B) Philip Kotler
(C) Peter F. Drucker
(D) Rensis Likert

**20.** In investment decision, β is associated with
(A) Return
(B) Risk
(C) Return and Risk
(D) None of the above

**21.** In production control, scheduling includes
(A) Deciding about the time when the production will reach various departments.
(B) Estimating the time to be consumed in these departments.
(C) How much time will be taken in transferring production from one department to another.
(D) All of the above.

**22.** Making profit by taking advantage of different prices prevailing in different markets is referred as
(A) Hedging (B) Speculation
(C) Arbitrage (D) Gambling

**23.** Gegabyte refers to
(A) 1024 Bytes
(B) 1024 Kilobytes
(C) 1024 Megabytes
(D) 102400 Bytes

**11.** "हिंद मजदूर सभा" किस वर्ष में स्थापित हुई ?
(A) 1940
(B) 1942
(C) 1948
(D) 1952

**12.** व्यावसायिक क्रियाओं और व्यवहार के सही या गलत मूल्यांकन को कहा जाता है
(A) कोर्पोरेट शासन
(B) व्यापारिक नैतिकता
(C) सामाजिक उत्तरदायित्व
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**13.** एक बाजार संरचना जिसमें एक ही खरीदार और एक ही विक्रेता हो, इसे कहते हैं
(A) एक क्रेताधिकार
(B) द्विपक्षी एकाधिकार
(C) एकाधिकार
(D) द्वयाधिकारी

**14.** नव उत्पाद विकास प्रक्रिया के किस चरण में नव उत्पाद को बाजार में उतारा जायेगा ?
(A) व्यवसाय विश्लेषण
(B) वाणिज्यीकरण
(C) परीक्षणार्थ विपणन
(D) विपणन रणनीति विकास

**15.** इक्वीटी की लागत को किस रूप में मापा जा सकता है ?
(A) ब्याज दर (1 – t)
(B) लाभांश दर (1– t)
(C) लाभांश दर $\times \frac{(\text{अंकित मूल्य} - \text{निर्गम कीमत})}{n}$
(D) $\frac{D_1}{P_0} + g$

**16.** यदि Y= A + B X में प्रतीपगमन गुणांक (B) शून्य के बराबर है तो प्रतीपगमन रेखा
(A) उद्गम से होकर गुजरेगी ।
(B) एक्स-अक्ष के समान्तर होगी ।
(C) वाई-अक्ष के समान्तर होगी ।
(D) न ही एक्स और न ही वाई-अक्ष को काटेगी ।

**17.** एक उपक्रमशील व्यक्ति जिसे एक निगम ने कर्मचारी रखा है और उसे कुछ नव-प्रवर्तन और सर्जनात्मक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया है, ऐसे व्यक्ति को क्या कहा जाता है ?
(A) प्रतियोगी (B) पूर्तिकार
(C) उद्यमी (D) इण्ट्राप्रेन्योर

**18.** निम्नलिखित में से कौन सा एक संगठन के सदस्यों को दिशा निर्देश, कार्य निष्पादन के लिए मूल्यांकन मापदण्ड प्रदान करता है और उन्हे उत्प्रेरित करता है ?
(A) मिशन (B) मूल्य
(C) उद्देश्य (D) लक्ष्य

**19.** नेतृत्व शैलियों के सम्बन्ध में प्रबंध की चार पद्धतियाँ किसके साथ सम्बंधित हैं ?
(A) ब्लैक एवं मौटन
(B) फिलिप कोटलर
(C) पीटर एफ. ड्रकर
(D) रेनसिस लिकर्ट

**20.** निवेश निर्णय में β का इनमें से किससे संबंध है ?
(A) प्रतिफल
(B) जोखिम
(C) प्रतिफल एवं जोखिम
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**21.** उत्पादन नियंत्रण में, शिड्यूलिंग (समय कार्यसूची) में सम्मिलित है
(A) विभिन्न विभागों में उत्पादन के पहुँचने के समय का निर्णय लेना ।
(B) इन विभागों में लगने वाले समय का अनुमान ।
(C) एक विभाग से दूसरे विभाग को उत्पादन के हस्तांतरण में कितना समय लगेगा ।
(D) उपरोक्त सभी ।

**22.** विभिन्न बाजारों में भिन्न–भिन्न कीमतों के प्रचलन का लाभ उठाने को कहते हैं
(A) बाडबंदी (हैजिंग) (B) सट्टा
(C) आरबिटरेज (D) जुआ

**23.** गीगाबाइट निर्दिष्ट करता है
(A) 1024 बाइट
(B) 1024 किलोबाइट
(C) 1024 मेगाबाइट
(D) 102400 बाइट

**24.** Environmental issues can be managed by
(A) Investing in environment friendly process or products.
(B) Managing environmental regulations.
(C) Investing in environmental performance improvement.
(D) All of the above.

**25.** A formal document of what the entrepreneur intends to do to sell enough of the firm's product or service to make a satisfactory profit is called
(A) Long range plan
(B) Strategic plan
(C) Business plan
(D) None of the above

**26.** Among the following financial derivatives, which involves the least risk for the holder ?
(A) Forward (B) Option
(C) Futures (D) Swap

**27.** Which level of Managers translate the corporate strategy into concrete objectives for their individual business ?
(A) Business level
(B) Corporate level
(C) Multi-Business level
(D) Functional level

**28.** The number of subordinates a superior can effectively handle is called
(A) Organising people
(B) Span of control
(C) Direction
(D) Coordination

**29.** Selection of specific media in which advertisements will be run and when they will be run to reach the target market is called
(A) Advertising
(B) Public Relations
(C) Media Planning
(D) Publicity

**30.** Statistical Quality Control requires determination of
(A) Quality tolerance limit
(B) Quantity measurement
(C) Production lead time
(D) Inventory carrying cost

**31.** With reference to Working Capital Management, the term 'float' relates to
(A) Inventory Management
(B) Receivables Management
(C) Cash Management
(D) Marketable Securities

**32.** Which communication component is not a paid form of communication ?
(A) Advertising
(B) Sales promotion
(C) Personal selling
(D) Publicity

**33.** The Government of India established the Small Industries Development Organisation (SIDO) in the year :
(A) 1951 (B) 1972
(C) 1954 (D) 1982

**34.** Match the following :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Functional Organisation | 1. | F.W. Taylor |
| b. | Transactional Analysis | 2. | Mc Clelland |
| c. | Managerial Grid | 3. | Eric Berne |
| d. | Need Theory | 4. | Blake and Mouton |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**35.** Which of the following is not a Trading block ?
(A) NAFTA (B) ASEAN
(C) SAARC (D) IMF

**24.** पर्यावरण सम्बन्धी समस्याओं का प्रबन्धन किसके द्वारा किया जा सकता है ?
(A) पर्यावरण के मैत्रीपूर्ण प्रक्रिया अथवा उत्पादनों में निवेश
(B) पर्यावरण विनियमों का प्रबन्धन
(C) पर्यावरण निष्पादन सुधार में निवेश
(D) उपरोक्त सभी

**25.** एक औपचारिक दस्तावेज जिसे एक उद्यमी अपनी फर्म के उत्पाद अथवा सेवा को बेचने का भरसक प्रयास करने और उचित लाभ उठाने के लिए लाना चाहता है, उसे क्या कहा जाता है ?
(A) दीर्घ कालीन योजना
(B) रणनीति योजना
(C) व्यवसाय योजना
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**26.** निम्नलिखित वित्तीय अवकलनों में से कौन सा धारक के लिए न्यूनतम जोखिमकारी है ?
(A) फॉरवर्ड (B) ऑप्शन
(C) फ्यूचर्स (D) स्वैप

**27.** किस स्तर के प्रबंधक कार्पोरेट रणनीति को अपने वैयक्तिक व्यवसाय के लिए ठोस उद्देश्यों में रूपान्तरित करते हैं ?
(A) व्यापार स्तर
(B) कार्पोरेट स्तर
(C) बहु-व्यवसाय स्तर
(D) क्रियात्मक स्तर

**28.** अधीनस्थ कर्मचारियों की संख्या जिससे एक उच्च अधिकारी निपट सकता है, उसे कहते हैं
(A) लोगों को संगठित करना
(B) नियन्त्रण का विस्तार
(C) निर्देशन
(D) समन्वय

**29.** विज्ञप्ति को देने के लिए विशिष्ट मीडिया का चयन और जब वह विज्ञप्ति लक्षित-बाजार तक पहुँचेगी उसे कहा जाता है
(A) विज्ञापित करना
(B) लोक सम्पर्क
(C) मीडिया योजना
(D) प्रचार

**30.** सांख्यिकीय गुणवत्ता नियन्त्रण के निर्धारण के लिए अपेक्षित है
(A) गुणवत्ता सहनशीलता सीमा
(B) परिमाण माप
(C) उत्पादन में लगने वाला समय
(D) स्कन्ध रखने की लागत

**31.** कार्यशील पूँजी प्रबन्धन के संदर्भ में पद 'प्लव' (फ्लोट) इंगित करता है
(A) स्कन्ध प्रबन्धन
(B) प्राप्ति योग्य का प्रबन्धन
(C) नकदी का प्रबन्धन
(D) विपणन-योग्य प्रतिभूतियाँ

**32.** निम्नलिखित में से कौन सा संचार घटक संचार का दत्त मूल्य रूप नहीं है ?
(A) विज्ञापन
(B) बिक्री संवर्धन
(C) व्यक्तिगत विक्रय
(D) प्रचार

**33.** भारत सरकार ने लघु उद्योग विकास संगठन (SIDO) को किस वर्ष में स्थापित किया ?
(A) 1951 (B) 1972
(C) 1954 (D) 1982

**34.** निम्न को सुमेलित कीजिए :

| | **सूची** - I | | **सूची** - II |
|---|---|---|---|
| a. | क्रियात्मक संगठन | 1. | एफ.डब्ल्यू. टेयलर |
| b. | व्यवहारवादी विश्लेषण | 2. | मैक्लेलैण्ड |
| c. | प्रबन्धकीय ग्रिड | 3. | एरिक बेरने |
| d. | आवश्यकता सिद्धांत | 4. | ब्लैक एवं मौटन |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**35.** निम्नलिखित में से कौन सा व्यापार-खण्ड नहीं है ?
(A) नाफ्टा (NAFTA)
(B) आसियान (ASEAN)
(C) सार्क (SAARC)
(D) आईएमएफ (IMF)

**36.** Takeover generally involves

(A) the acquisition of part of an undertaking to enable the acquirer to increase the market share of the product concerned.

(B) the acquisition of certain block of equity capital of a company which enables the acquirer to exercise control over the affairs of the company.

(C) taking over the responsibility to have trade agreement for finished product.

(D) taking over certain long-term liabilities of another group company to help it financially.

**37.** Which of the following is not a function of distribution agency ?

(A) Transportation

(B) Servicing

(C) Inventorying

(D) Manufacturing

**38.** Cars are parked in a very big parking lot. A researcher is required to estimate the proportion of cars that are red or the proportion of cars that are from a Japanese manufacturer. Which of the following statement is not correct ?

(A) A convenience sample of cars parked near the gate may give a biased estimate of the proportion of cars which are from a Japanese Manufacturer.

(B) Different investigators may get different estimates for the proportion of cars that are red.

(C) The sample proportion of cars that are red is an unbiased estimate of the population proportion if the sampling method is simple random.

(D) A sample of 100 cars in a convenience sample is always better than a sample of 20 cars from a proper random sampling method.

**39.** Who is father of Administrative Management Theory ?

(A) Max Weber

(B) Frank Gilbraith

(C) Henry Fayol

(D) Henry Gantt

**40.** The process of determining the tasks that make-up a job and the skills, abilities and responsibilities needed to perform the job is called

(A) Job Analysis

(B) Job Description

(C) Job Enrichment

(D) All of the above

**41.** GATT stands for

(A) General Accord on Tariff and Trade

(B) Generous Agreement on Trade and Tariff

(C) General Agreement on Tariff and Trade

(D) Generalist Agreement on Trade and Tariff

**42.** People who take the risks necessary to organize, manage and receive the financial profits and non-monetary rewards are called

(A) Suppliers

(B) Employees

(C) Competitors

(D) Entrepreneurs

**43.** A Marketing database is built as an aid to

(A) Market research

(B) Product-mix expansion

(C) Reducing cost of production

(D) Price hike

**44.** The model that applies to Economic Order Quantity for Inventory Management, was proposed to be applied to Cash Management by

(A) Miller and Orr

(B) William J. Baumol

(C) William Sharpe

(D) David Durand

**36.** अंगीकृत (टेक ओवर) में सामान्यत: सम्मिलित होता है

(A) किसी उपक्रम के किसी भाग को ग्रहण करना जिससे ग्रहणकर्त्ता किसी उत्पाद विशेष के लिए बाजार भाग को बढ़ाने के योग्य हो जाता है ।

(B) किसी कम्पनी की इक्विटी पूँजी के किसी खण्ड को ग्रहण करना जिससे ग्रहणकर्त्ता कम्पनी के कार्यों पर नियंत्रण करने के योग्य हो जाता है ।

(C) परिष्कृत उत्पादों के व्यापार-अनुबंधों के लिए उत्तरदायित्व उठाना ।

(D) किसी अन्य ग्रुप की कम्पनी की किन्हीं दीर्घकालीन देयताओं को उसकी आर्थिक सहायता करने के लिए उठाना ।

**37.** निम्नलिखित में से कौन सा वितरण एजेंसी का कार्य नहीं है ?

(A) परिवहन

(B) सेवाकार्य

(C) स्कन्धीकरण

(D) निर्माणीकरण

**38.** एक बहुत बड़े पार्किंग स्थल में कारें खड़ी हैं । एक अनुसंधानकर्त्ता से यह अपेक्षित है कि वह यहाँ खड़ी कारों में लाल रंग की कारों अथवा जापाान-निर्मित कारों के अनुपात का अनुमान लगाये । निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) दरवाजे के पास खड़ी कारों का सुविधा से लिया गया नमूना जापानी कम्पनी द्वारा निर्मित कारों के अनुपात का अनुमान पक्षपातपूर्ण हो सकता है ।

(B) भिन्न – भिन्न अनुसंधानकर्त्ताओं के लाल कारों के अनुपात के प्रति अनुमान भिन्न – भिन्न हो सकते हैं ।

(C) लाल कारों का नमूना अनुपात कुल कारों के अनुपात का निष्पक्ष अनुमान होगा, यदि निदर्शन विधि सरल यादृच्छिक है ।

(D) सुविधा से लिया गया 100 कारों के निदर्शन से बीस कारों का नमूना, जो उचित यादृच्छिक चयन प्रणाली से लिया गया हो, बेहतर है ।

**39.** प्रशासनिक प्रबन्धन सिद्धान्त का जनक कौन है ?

(A) मैक्स वेबर

(B) फ्रैंक गिलब्रेथ

(C) हेनरी फेयोल

(D) हेनरी गाँट्ट

**40.** किसी कार्य के लिए अपेक्षित कार्य एवं निपुणता, योग्यता एवं उत्तरदायित्व के लिए निर्धारण की क्रिया जो कार्य के निष्पादन के लिए आवश्यक है, उसे कहते हैं

(A) कार्य विश्लेषण

(B) कार्य विवरण

(C) कार्य समृद्धि

(D) उपरोक्त सभी

**41.** गैट (GATT) से अभिप्राय है

(A) प्रशुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौता

(B) प्रशुल्क और व्यापार पर उदार संधि

(C) प्रशुल्क और व्यापार पर सामान्य संधि

(D) प्रशुल्क और व्यापार पर सामान्यवादी संधि

**42.** वे लोग जो किसी व्यवसाय को संगठित, प्रबन्धन, वित्तीय लाभ को उठाने और गैर-मुद्रा पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आवश्यक जोखिम उठाते हैं, उन्हें कहा जाता है

(A) पूर्तिकार

(B) कर्मचारी

(C) प्रतियोगी

(D) उद्यमी

**43.** एक विपणन आँकडा-आधार का निर्माण सहायता के रूप में किया जाता है

(A) बाजार-अनुसंधान

(B) उत्पाद-मिश्र प्रसार

(C) उत्पादन की लागत कम करना

(D) मूल्य बढ़ाने के लिए

**44.** वह प्रारूप जो स्कन्ध प्रबन्धन के लिए आर्थिक आदेश मात्रा पर लागू होता है, उसे नकदी के प्रबन्धन के लिए लागू करने के लिए किसने प्रस्ताव दिया था ?

(A) मिल्लर एवं ओर्र

(B) विलियम जे. बौमोल

(C) विलयम शार्पे

(D) डेविड डूरांड

**45.** If a hypothesis is statistically significant, then it is concluded that
(A) the observed result is probably not due to chance.
(B) the observed result is probably a chance result.
(C) the observed result cannot possibly be due to chance.
(D) the null hypothesis of no relationship is probably true.

**46.** In which stage of product life cycle, the company takes decision whether to maintain, harvest or drop the product ?
(A) Introduction
(B) Growth
(C) Maturity
(D) Decline

**47.** Recruitment is concerned with
(A) Selecting the right candidate
(B) Developing a pool of job candidates
(C) Getting applications
(D) None of the above

**48.** In production management, dispatching includes :
(A) Giving work to machines and places.
(B) Providing materials, tools, etc. to works.
(C) Issuing appropriate orders for production process.
(D) All of the above.

**49.** Which of the following is the internal sources of recruitment ?
(A) Advertisement
(B) Selection
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

**50.** Which Business unit generates substantial cash surpluses due to low industrial growth rate and high market share ?
(A) Dog
(B) Cash Cow
(C) Question Mark
(D) Star

**51.** In which stage of New product development process, the product and marketing programs are tested in realistic market settings ?
(A) Concept Development and Testing
(B) Idea Screening
(C) Test Marketing
(D) Commercialization

**52.** The problem of industrial discipline was debated by the Indian Labour Conference (ILC) held in India in
(A) 1948
(B) 1952
(C) 1957
(D) 1960

**53.** The Branding strategy which uses a different brand name for each product is known as
(A) Overall Family Branding
(B) Line Family Branding
(C) Individual Branding
(D) Brand Extension

**54.** The two factor theory was propounded by
(A) Frederick Herzberg
(B) A.H. Maslow
(C) Mc Gregor
(D) Elton Mayo

**45.** यदि एक परिकल्पना सांख्यिकीय सार्थक है तो यह निष्कर्ष निकलता है कि

(A) अवलोकित परिणाम संभवत: संयोगवश नहीं है ।

(B) अवलोकित परिणाम संभवत: संयोगवश है ।

(C) अवलोकित परिणाम के संयोगवश होने की संभावना नहीं है ।

(D) कोई सम्बन्ध न होने की शून्य परिकल्पना संभवत: सही है ।

**46.** उत्पाद के जीवन-चक्र के किस चरण पर कम्पनी यह निर्णय लेती है कि वह उत्पाद को बनाये रखे, परिणाम जाने अथवा छोड़ दे ?

(A) परिचय

(B) विकास

(C) परिपक्वता

(D) अवनति

**47.** भर्ती का सम्बन्ध है

(A) सही उम्मीदवार का चयन

(B) नौकरी पाने वाले उम्मीदवारों के सम्मुचय का विकास

(C) आवेदन-पत्र प्राप्त करना

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**48.** उत्पादन प्रबन्धन के अन्तर्गत प्रेषण में सम्मिलित है

(A) मशीनों और स्थलों को काम देना ।

(B) कारखाने को सामग्री, उपकरण इत्यादि मुहैया करना ।

(C) उत्पादन प्रक्रिया के लिए उपयुक्त आदेश जारी करना ।

(D) उपरोक्त सभी ।

**49.** निम्नलिखित में से कौन सा भर्ती का आंतरिक स्रोत है ?

(A) विज्ञापन

(B) चयन

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**50.** कौन सी व्यापारिक इकाई निम्न औद्योगिक संवृद्धि दर और उच्च बाजार अंश के कारण भारी नकदी अधिशेषों को अर्जित करती है ?

(A) डॉग

(B) कैश काउ

(C) प्रश्न चिह्न

(D) स्टार

**51.** कौन से पड़ाव में नव उत्पाद विकास परियोजना, उत्पाद और विपणन कार्यक्रमों को वास्तविक बाजार के परिपार्श्व में परीक्षण किया जाता है ?

(A) संकल्पना विकास और परीक्षण

(B) विचार की छँटाई

(C) परीक्षार्थ विपणन

(D) व्यापारीकरण

**52.** औद्योगिक अनुशासन की समस्या पर भारत में हुए भारतीय श्रम अधिवेशन (आई.एल.सी.) में किस वर्ष विचार विमर्श हुआ ?

(A) 1948

(B) 1952

(C) 1957

(D) 1960

**53.** ब्रांडिंग रणनीति जिसमें प्रत्येक उत्पाद के लिए विभिन्न ब्रांड नाम का प्रयोग होता है, उसे कहते हैं

(A) कुल परिवार ब्रांडिंग

(B) रेखा परिवार ब्रांडिंग

(C) वैयक्तिक ब्रांडिंग

(D) ब्रांड विस्तार

**54.** द्वि कारक सिद्धांत के प्रतिपादक हैं

(A) फ्रेडरिक हेजबर्ग

(B) ए.एच. मास्लो

(C) मैक् ग्रेगर

(D) एल्टन मायो

**55.** Match the following

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | Percentage change in quantity demanded to percentage change in price. | 1. | Perfect compe-tition |
| b. | Percentage change in demand to percentage change in the price of some other commodity. | 2. | Market demand |
| c. | Homogeneous products | 3. | Price elasticity |
| d. | Relationship between quantity of the product demanded and factors that affect the quantity. | 4. | Cross elasticity |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**56.** F.W. Taylor has done the following studies for improving the production process :

(A) Time Study, Fatigue Study and Fatal Study.

(B) Time Study, Motion Study and Fatal Study.

(C) Time Study, Motion Study and Fatigue Study.

(D) Time Study, Motivation Study and Fatigue Study.

**57.** Which one is not the overseas market entry strategy followed by Multinational Corporations ?

(A) Franchise

(B) Collaborations

(C) Joint venture

(D) Strategic planning

**58.** Benefits provided for temporary and permanent disability disfigurement, medical expenses and medical rehabilitation is referred to as

(A) Fringe benefits

(B) Financial incentives

(C) Workers' compensation

(D) None of the above

**59.** Today's organizations are working on the principle of

(A) Production-orientation

(B) Product-orientation

(C) Selling-orientation

(D) consumer-orientation

**60.** Identify the correct sequence of control cycle :

(A) Feedback → Evaluation → Adjustment → Action.

(B) Action → Evaluation → Feedback → Adjustment.

(C) Action → Feedback → Evaluation → Adjustment.

(D) Adjustment → Action → Feedback → Evaluation.

**61.** Negotiation of labour contract by Union and Management is referred to as

(A) Industrial Relations

(B) Trade Union

(C) Consumerism

(D) Collective Bargaining

**62.** Goods used by an organization in producing other goods is called

(A) Consumer goods

(B) Industrial goods

(C) Speciality goods

(D) None of the above

**63.** The outside third party who is brought into settle a dispute, and he or she has the authority to make a decision is called

(A) Government

(B) An Arbitrator

(C) Union

(D) Legal Expert

**55.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये :

| | |
|---|---|
| a. माँगी गयी मात्रा में प्रतिशत परिवर्तन और कीमत में प्रतिशत परिवर्तन का अनुपात | 1. पूर्ण प्रतियोगिता |
| b. माँगी गई मात्रा में प्रतिशत परिवर्तन और किसी अन्य वस्तु के मूल्य में परिवर्तन का अनुपात | 2. बाजार माँग |
| c. सदृश उत्पाद | 3. कीमत लोच |
| d. माँगी गयी उत्पाद की मात्रा और उस मात्रा को प्रभावित करने वाले कारकों के बीच संबन्ध | 4. प्रति लोच |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**56.** उत्पादन प्रक्रिया के सुधार के लिए एफ.डबल्यू. टेलर ने निम्नलिखित अध्ययन किये हैं :

(A) समय अध्ययन, श्रांति अध्ययन, घातक अध्ययन

(B) समय अध्ययन, गति अध्ययन, घातक अध्ययन

(C) समय अध्ययन, गति अध्ययन, श्रांति अध्ययन

(D) समय अध्ययन, अभिप्रेरण अध्ययन, श्रांति अध्ययन

**57.** निम्नलिखित में से बहु-राष्ट्रीय निगम द्वारा कौन सी रणनीति को विदेशी बाजार में प्रवेश के लिए नहीं अपनाया जाता ?

(A) फ्रेन्चाइजी

(B) कोलाबोरेशन

(C) संयुक्त उद्यम

(D) रणनीतिक योजना

**58.** अस्थायी एवं स्थायी अपंगता, विकृति, मेडिकल खर्चे एवं मेडिकल पुनर्वास के लिए दिये गए लाभों को कहा जाता है

(A) आनुषंगिक लाभ

(B) वित्तीय प्रोत्साहन

(C) श्रमिकों को क्षतिपूर्ति

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**59.** आज के संगठन किस सिद्धांत पर चल रहे हैं ?

(A) उत्पादनोन्मुखी

(B) उत्पादोन्मुखी

(C) विक्रयोन्मुखी

(D) उपभोक्तान्मुखी

**60.** निम्न में से नियन्त्रण-चक्र के सही क्रम का चयन कीजिये :

(A) फीडबैक $\rightarrow$ मूल्यांकन $\rightarrow$ समायोजन $\rightarrow$ क्रिया

(B) क्रिया $\rightarrow$ मूल्यांकन $\rightarrow$ फीडबैक $\rightarrow$ समायोजन

(C) क्रिया $\rightarrow$ फीडबैक $\rightarrow$ मूल्यांकन $\rightarrow$ समायोजन

(D) समायोजन $\rightarrow$ क्रिया $\rightarrow$ फीडबैक $\rightarrow$ मूल्यांकन

**61.** श्रम संघ एवं प्रबन्ध द्वारा श्रम अनुबंध के समझौते की बात-चीत को कहते हैं

(A) औद्योगिक सम्बन्ध

(B) ट्रेड यूनियन

(C) उपभोक्तावाद

(D) सामूहिक सौदाबाजी

**62.** वे वस्तुएँ जो एक संगठन अन्य वस्तुओं के उत्पादन के लिए प्रयुक्त करते हैं, उसे कहा जाता हैं

(A) उपभोक्ता वस्तुएँ

(B) औद्योगिक वस्तुएँ

(C) विशिष्ट उत्पाद

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**63.** बाहरी तृतीय पक्ष जिसे किसी विवाद के निपटान के लिए लाया जाता है, उसे निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार होता है, उसे कहते हैं

(A) सरकार

(B) विवाचक

(C) यूनियन

(D) विधि विशेषज्ञ

**64.** Marketing information system gathers information from internal sources like marketing intelligence and marketing research to help the manager in

(A) Assessing the information needs.

(B) Developing the needed information.

(C) Distributing the information.

(D) All of the above.

**65.** In which year WTO came into being ?

(A) 1980

(B) 2000

(C) 2006

(D) 1995

**66.** One-level channel consists of

(A) Producer-consumer

(B) Producer-dealer-consumer

(C) Producer-dealer-retailer-consumer

(D) Producer-dealer-wholesaler-retailer-consumer

**67.** Batch production is appropriately applicable to

(A) Medicine production

(B) Sugar production

(C) Petroleum products

(D) Agriculture produce

**68.** Match the following :

| | |
|---|---|
| a. Harry Markowitz | 1. Dividend Theory |
| b. David Durand | 2. CAPM |
| c. Dow | 3. Capital structure |
| d. M.J. Gordon | 4. Technical Analysis |

**Code :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**69.** Which one of the following is not a basic element in the Strategic Management ?

(A) Environmental scanning

(B) Strategy formulation

(C) Strategy implementation

(D) Functional strategy

**70.** A written statement of the human qualification, education and experience needed to perform a job is referred to as

(A) Job enrichment

(B) Job specification

(C) Job design

(D) Job description

**71.** Changes in the population characteristics such as age, gender, marital status, income and education are the examples of

(A) Demographic characteristics

(B) Cultural characteristics

(C) Geographic characteristics

(D) None of the above

**72.** ESI Act applies to

(A) Railways and Mines Industries

(B) Seasonal Factory Workers

(C) Cement Industries

(D) None of the above

**73.** Porter and Lawler model is related to

(A) Perception (B) Attitudes

(C) Motivation (D) Leadership

**74.** Which of the following is the best technique to manage the existing products ?

(A) Ansoff matrix

(B) BCG matrix

(C) Mc Kinsey 7s Framework

(D) Five forces of competition

**75.** One of the acceptable methods for obtaining feedback of training is called

(A) Structured Interview

(B) Performance After Training

(C) Improvement After Training

(D) Employee Turnover Rate

**64.** विपणन सूचना प्रणाली आंतरिक स्रोतों यथा विपणन की सूझबूझ और विपणन अनुसंधान से इकट्ठा करती हैं ताकि प्रबन्धक की इसमें सहायता हो सके :

(A) सूचना आवश्यकताओं का मूल्यांकन

(B) अपेक्षित सूचना का विकास

(C) सूचना का वितरण

(D) उपरोक्त सभी

**65.** डबल्यू टी ओ (WTO) किस वर्ष में स्थापित हुआ ?

(A) 1980

(B) 2000

(C) 2006

(D) 1995

**66.** एकल-स्तरीय मार्ग में सम्मिलित हैं :

(A) उत्पादक-उपभोक्ता

(B) उत्पादक-विक्रेता-उपभोक्ता

(C) उत्पादक-विक्रेता-खुदरा व्यापारी-उपभोक्ता

(D) उत्पादक-विक्रेता-थोक विक्रेता-खुदरा व्यापारी -उपभोक्ता

**67.** बैच उत्पादन उचित रूप से लागू होता है

(A) औषधि उत्पादन में

(B) शर्करा उत्पादन में

(C) पैट्रोलियम उत्पाद में

(D) कृषि उत्पाद में

**68.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| a. हैरी मार्कोविट्ज | 1. लाभांश सिद्धांत |
| b. डेविड डूरांड | 2. सीएपीएम (CAPM) |
| c. डाउ | 3. पूँजी संरचना |
| d. एम.जे. गोर्डन | 4. तकनीकी विश्लेषण |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**69.** निम्नलिखित में से कौन सा एक रणनीतिक प्रबन्धन का मूल तत्त्व नहीं है ?

(A) पर्यावरणक सूक्ष्मवीक्षण

(B) रणनीति संरूपण

(C) रणनीति को लागू करना

(D) क्रियात्मक रणनीति

**70.** किसी कार्य के निष्पादन के लिए अपेक्षित मानवीय योग्यता शिक्षा और अनुभव के लिखित विवरण को कहा जाता है

(A) कार्य समृद्धि

(B) कार्य विशिष्टीकरण

(C) कार्य प्रारूप

(D) कार्य विवरण

**71.** जनसंख्या के लक्षणों यथा आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, आय और शिक्षा उदाहरण हैं

(A) जनसांख्यिकीय लक्षणों के

(B) सांस्कृतिक लक्षणों के

(C) भौगोलिक लक्षणों के

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**72.** ई.एस.आई एक्ट लागू होता है

(A) रेलवे और खनन उद्योग पर

(B) मौसमी कारखाना श्रमिक पर

(C) सीमेन्ट उद्योग पर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**73.** पोर्टर एवं लालर का प्रारूप सम्बंधित है

(A) प्रत्यक्ष ज्ञान (B) दृष्टिकोण

(C) अभिप्रेरण (D) नेतृत्व

**74.** निम्नलिखित में से मौजूदा उत्पादों के प्रबन्धन की सर्वोत्तम तकनीक कौन सी है ?

(A) अनसौफ मैट्रिक्स

(B) बी.सी.जी. मैट्रिक्स

(C) मैकिनसे का 7s का ढाँचा

(D) स्पर्धा की पाँच शक्तियों

**75.** निम्नलिखित में से प्रशिक्षण के पुनर्भरण के किस स्वीकार्य ढंग को कहते हैं

(A) संरचित साक्षात्कार

(B) प्रशिक्षण के उपरान्त निष्पादन

(C) प्रशिक्षण के उपरान्त सुधार

(D) कर्मचारी आवर्त दर

**Space For Rough Work**